प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

11 अप्रैल 2022

आरबीआई ने बाजार कारोबार का समय बढ़ाया

परिचालन संबंधी अव्यवस्थाओं और कोविड-19 द्वारा उत्पन्न स्वास्थ्य जोखिमों के ऊंचे स्तर के मद्देनज़र 7 अप्रैल 2020 से रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित विभिन्न बाजारों के लिए कारोबार समय को संशोधित किया गया था। इसके बाद, परिचालन संबंधी बाधाओं के कम होने के साथ, 9 नवंबर 2020 से कारोबार समय को आंशिक रूप से बहाल कर दिया गया था। लोगों की आवाजाही और कार्यालयों के कामकाज पर प्रतिबंधों में पर्याप्त ढील के साथ, अब यह निर्णय लिया गया है कि विनियमित वित्तीय बाजारों के लिए उनके महामारी पूर्व समय, पूर्वाह्न 9:00 बजे खुलने का समय बहाल किया जाए। तदनुसार, 18 अप्रैल 2022 से रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित बाजारों के लिए कारोबार समय निम्नानुसार होगा:

बाज़ार	मौजूदा समय	संशोधित समय
मांग/ सूचना/ मियादी मुद्रा	पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे
सरकारी प्रतिभूतियों में बाजार रेपो	पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 2:30 बजे	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 2:30 बजे
सरकारी प्रतिभूतियों में ट्राईपार्टी रेपो	पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे
वाणिज्यिक पत्र और जमा प्रमाणपत्र	पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे
कॉरपोरेट बॉण्ड में रेपो	पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे
सरकारी प्रतिभूतियां (केंद्र सरकार की प्रतिभूतियां, राज्य विकास ऋण और खजाना बिल)	पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे
फोरेक्स डेरिवेटिव्स सहित विदेशी मुद्रा (एफ़सीवाई)/भारतीय रुपया (आईएनआर) ट्रेड*	पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे
रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव*	पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे	पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे
*: मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों पर कारोबार करने वालों के अलावा		

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी : 2022-2023/55